**Alleged molestation of some women by anti-social elements in Murthal, Haryana, on 22.2.2016**

**कुमारी शैलजा** (हरियाणा)ः सर, हरियाणा में अभी पिछले दिनों बहुत ही घिनौनी हरकतें हुई हैं। ...(**व्यवधान**)... हरियाणा में लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन बिल्कुल खत्म हो चुकी है। ...(**व्यवधान**)... वहां पर जंगल राज चल रहा है। ...(**व्यवधान**)... सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। ...(**व्यवधान**)... लोगों के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... अभी हमने हाल ही में देखा कि मुरथल में ऐसी हरकत हुई है, ऐसा हादसा हुआ है, जिसने सबका दिल दहला दिया है। ...(**व्यवधान**)... And the Haryana Government is a mute spectator. It is in a state of denial. ...(Interruptions)... हरियाणा सरकार यह कह रही है कि यहां ...(**व्यवधान**)... अगर हाई कोर्ट ने इसका संज्ञान नहीं लिया होता तो ...(**व्यवधान**)... वहां पर allegedly एक इतना बड़ा रेप केस हुआ है। ...(**व्यवधान**)... हाई कोर्ट ने इसका नोटिस लेते हुए हरियाणा सरकार को नोटिस दिया है और उस केस की इंक्वायरी के लिए उसे कहा है। ...(**व्यवधान**)... लेकिन सर, हमें बिल्कुल भी विश्वास नहीं है कि हरियाणा सरकार, जिसने पहले डिनाई किया ...(**व्यवधान**)... वहां पर पुलिस की एक कमेटी बैठाई, लेकिन जिस तरह से पुलिस का बयान पहले आया, कोई भी पीड़ित सामने नहीं आ रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... इस वारदात को जितनी गंभीरता से लेना चाहिए था, न तो प्रशासन उसको गंभीरता से ले रहा है और न ही राज्य सरकार ले रही है। ...(**व्यवधान**)... हमें पूरा विश्वास है कि इसकी जो असलियत है, वह सामने नहीं आने दी जाएगी, क्योंकि पुलिस के कारण ही असलियत सामने नहीं आ रही है। ...(व्यवधान)...

सर, हम डिमांड करते हैं कि हरियाणा में हाई कोर्ट खुद इसकी इंक्वायरी करे। ...(**व्यवधान**)... हम डिमांड करते हैं कि इसकी ज्यूडिशियल इंक्वायरी होनी चाहिए, तभी असलियत सामने आएगी। ...(**व्यवधान**)... वरना हरियाणा में प्रशासन और सरकार नाम की कोई चीज़ नहीं रही है। हरियाणा में बहुत सारे पीड़ित लोग हैं, इतने दंगे-फसाद हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... लोगों की प्रॉपर्टी और लोगों की जानें गई हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया है। ...(**व्यवधान**)... इस बात को उठाने वाला कोई नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रमोद तिवारी** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री वी. हनुमंत राव** (तेलंगाना) : महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**डा. विजयलक्ष्मी साधौ** (मध्य प्रदेश)ः महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**श्री मोहम्मद अली खान** (आन्ध्र प्रदेश)ः महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

†[**جناب محمد علی خان** (آندھراپردیش) : مہودے، میں اس موضوع سے خود کو ساتھ سمبدھ کرتا ہوں۔]

†Transliteration in Urdu Script.

**श्री शादी लाल बत्रा** (हरियाणा): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्रीमती रजनी पाटिल** (महाराष्ट्र): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**श्री आनंद भास्कर रापोलू** (तेलंगाना): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**डा. भालचन्द्र मुणगेकर** (नाम-निर्देशित): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्रीमती विप्लव ठाकुर** (हिमाचल प्रदेश): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**श्रीमती नाज़नीन फारुख** (असम): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**श्रीमती वानसुक साइम** (मेघालय): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**श्रीमती कहकशां परवीन** (बिहार): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**श्री मधुसूदन मिस्त्री** (गुजरात): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री पंकज बोरा** (असम): महोदय, मैं इस विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

## Resentment among land-losers of Maithon Power Station in Dhanbad, Jharkhand

**श्री संजीव कुमार** (झारखंड): सर, झारखंड के धनबाद जिले में निरसा स्थित 1050 मेगावाट पावर प्लांट झारखंड के अलावा दिल्ली, बंगाल एवं केरल में पावर सप्लाई करता है। ...(**व्यवधान**)... हजारों एकड़ रैयती जमीन के अलावा सरकारी एवं जंगल वाली जमीन इस यूनिट को स्थापित करने के लिए acquire की गई है। ...(**व्यवधान**)... जमीन अधिग्रहण करते समय यह वादा किया गया था कि जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की जा रही है, उनके परिवार के सदस्यों को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी, परन्तु अभी तक सिर्फ कुछ ही लोगों को ही नौकरी दी गई है और बाकी लोगों को मैनेजमेंट ने लटकाकर रखा हुआ है। तरह-तरह के बहाने बनाकर उन्हें बरगलाया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)... जिन किसान परिवारों के सदस्यों को नौकरी दी भी गई है, उन्हें भी परमानेंट नौकरी नहीं दी गई है। ...(**व्यवधान**)... कानूनन मेडिकल इत्यादि की जो भी सुविधाएं उन्हें मिलनी चाहिए, उनसे उन्हें वंचित रखा गया है। ...(**व्यवधान**)...

महोदय, NPL पावर प्लांट के लिए रोज हजारों टन कोयला नियमों को ताक पर रख कर ट्रकों से लाया जाता है, जिससे कोल डस्ट के कारण प्रदूषण फैलता है, जिससे वहां लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। नदी, तालाब, कुएँ इत्यादि जल के स्रोत बुरी तरह दूषित एवं बर्बाद हो गये हैं। ...(**व्यवधान**)...

महोदय, रात-दिन नियमों की अनदेखी करके कोल ट्रांस्पोर्टेशन के कारण एक्सिडेंट्स होने से वहां पर लोगों के जान-माल की क्षति लगभग आम बात हो गयी है। ...(**व्यवधान**)... आम एवं पीड़ित लोगों की आवाज़ दबाने के लिए NPL मैनेजमेंट लोकल दबंगों को oblige करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ता है। ...(**व्यवधान**)... महोदय, मैंने पहले भी इस सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था। ...(**व्यवधान**)...